**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./06 दिनांक : 31 अक्तूबर, 2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया।**




भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) में आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया।

बीडीएल द्वारा **"भ्रष्टाचार मुक्त भारत – विकसित भारत"** के विषय के रूप में दि. 31 अक्तूबर से 06 नवंबर, 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्घाटन के अवसर पर श्री पी राधाकृष्ण, निदेशक (उत्पादन) द्वारा बी डी एल की हैदराबाद, भानूर और विशाखापट्टणम इकाइयों के सभी कर्मचारियों को निगम कार्यालय से 'ईमानदारी की प्रतिज्ञा' दिलवाई।

इस अवसर पर बीडीएल के निदेशक (वित्त) श्री एन श्रीनिवासुलू, मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ उपेन्दर वेन्नम, आई पी ओ एस, तथा कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2021 के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सतर्कता आयुक्त द्वारा दिये गये संदेशों का वाचन किया गया।

सप्ताह समारोह के दौरान कंपनी के कर्मचारियों के लिए वाक्, स्लोगन लेखन, पोस्टर / कॉलेज मेकिंग और प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता को बढ़ावा दएने के लिए कंपनी के कर्मचारियों उनके जीवनसाथी और डी ए वी स्कूल, भानूर के छात्रों के लिए कॉलेज़ मेकिंग / प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

इस सप्ताह के दौरान कंपनी के विक्रेताओं में जागरूकता बनाये रखने बीडीएल की भानूर इकाई में वेंडर मीट आयोजन किया जा रहा है।

तेलंगाना के मलकाजगिरी-मेड्चल जिला, कीसरा मंडल में यादगारपल्ली गाँव में ग्राम पंचायतों पर भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव के विषय पर जागरूकता लाने ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है।

इस सप्ताह के दौरान बलकापूर गाँव, शंकरपल्ली के परिसर में समाज के सभी स्तरों पर सतर्कता जागरूकता बनाये रखने वॉकथान का आयोजन किया जा रहा है।

इस सप्ताह के दौरान सी वी सी, सी वी ओ और सतर्कता की भूमिका के संबंध में पीआईडीपीआई (पब्लिक इंट्रेस्ट डिस्क्लोसर एवं प्रोटेक्शन ऑफ इनफार्मर्स) के अंतर्गत प्रावधानों से संबंधित कार्यशालाएँ / संवेदनशील कार्यक्रम में संकल्प एवं संवंधित जानकारी लेने की योजना बनायी गयी है।

नवनियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षु के परिचय कार्यक्रम के दौरान सतर्कता के कार्य और निवारक सतर्कता के कामकाज़ की योजना पर सत्र का आयोजन किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 के अवसर पर बीडीएल कंचनबाग इकाई में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है।

---XXX---